# भारत में बनने लगे सैमसंग के लैपटाप

- कंपनी ने अपने ग्रेटर नोएडा संयंत्र में मैन्यूफैक्चरिंग शुरू की
- इस संयंत्र में कई और उत्पादों की मैन्यूफैक्चरिंग की योजना

नई दिल्ली, प्रेट्र: दक्षिण कोरिया की इलेक्ट्रानिक्स कंपनी सैमसंग ने भारत में लैपटाप का उत्पादन शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी के ग्रेटर नोएडा संयंत्र में लैपटाप का उत्पादन किया जा रहा है। कंपनी अपने इस संयंत्र में फीचर फोन, स्मार्टफोन, वियरेबल्स और टैबलेट्स का उत्पादन भी करती है।

सूत्रों ने बताया कि सैमसंग भारत में अपने मैन्यूफैक्चरिंग पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। इसी के तहत ग्रेटर नोएडा संयंत्र में लैपटाप का उत्पादन शुरू किया गया है। कंपनी इस संयंत्र में कई और उत्पादों की मैन्यूफैक्चरिंग शुरू करने की योजना बना रही है। सैमसंग को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला है। केंद्रीय इलेक्ट्रानिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को सैमसंग के दक्षिण पश्चिम एशिया के सीईओ जेबी पार्क के साथ बैठक के बाद कहा था कि कंपनी भारत में अपने उन्नत उपकरणों की मैन्यूफैक्चरिंग का विस्तार जारी रखे हुए है।

सैमसंग ने 1996 में भारत में अपना पहला वैश्विक इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग संयंत्र स्थापित किया था। इस साल की शुरुआत में सैमसंग इलेक्ट्रानिक्स के प्रेसिडेंट टीएम रोह ने कहा था कि कंपनी ने भारत में लैपटाप मैन्यूफैक्चरिंग की तैयारी शुरू कर दी है।

वैश्विक स्तर पर सैमसंग की दूसरी सबसे बड़ी मोबाइल मैन्यूफैक्चरिंग इकाई भी भारत में है और यह एपल के बाद भारत की दूसरे सबसे बड़ी मोबाइल फोन निर्यातक भी है।

## फाक्सकान के बेंगलुरु संयंत्र में आइफोन-17 का उत्पादन शुरू

नई दिल्ली, प्रेट्र: ताइवान की कंपनी फाक्सकान ने अपने बेंगलुरु संयंत्र में भी आइफोन-17 का उत्पादन शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, छोटे स्तर पर इसका उत्पादन शुरू किया गया है। फाक्सकान एपल के लिए आइफोन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है और बेंगलुरु संयंत्र चीन के बाहर इसका दूसरा सबसे बड़ा मैन्यूफैक्चरिंग केंद्र है। सूत्रों के अनुसार, फाक्सकान अपने चेन्नई संयंत्र में भी आइफोन-17 का उत्पादन कर रही है। हालांकि, एपल और फाक्सकान को इस संबंध में भेजे गए ई-मेल का कोई जवाब नहीं मिला है। एपल इस वर्ष आइफोन का उत्पादन बढ़ाकर छह करोड़ करने की योजना बना बना रही है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com